www.a2zSubjects.com

Signature and Name of Invigilator

# PAPER-I

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ..........................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________________
(In words)

| D | 0 | 0 | 1 | 4 |
|---|---|---|---|---|

**Test Booklet Code** Y

Time : **1 1/4** hours]

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **60**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of sixty (60) multiple-choice type of questions, out of which the candidate would be required to answer any fifty (50) questions. In the event of the candidate attempting more than fifty questions, the first fifty questions attempted by the Candidate would be evaluated.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Code should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside this Booklet, which is common for Paper I and Paper II**. If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में साठ (60) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें से उम्मीदवार को किसी भी पचास (50) प्रश्न का उत्तर देना होगा । उम्मीदवार द्वारा पचास से अधिक प्रश्नों का उत्तर देने पर उम्मीदवार द्वारा दिये गये प्रथम पचास प्रश्नों का मूल्यांकन किया जायेगा ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का कोड OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. **प्रश्न-पत्र I और प्रश्न-पत्र II के लिए एक ही OMR पत्रक है जो इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है ।** प्रश्नों के उत्तर केवल OMR पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते है ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

# Paper – I

**Note :**
- This paper contains **Sixty (60)** multiple choice questions, each question carrying **two (2)** marks.
- Candidate is expected to answer any **Fifty (50)** questions.
- In case more than **Fifty (50)** questions are attempted, only the first **Fifty (50)** questions will be evaluated.

**1.** CSS stands for
(A) Cascading Style Sheets
(B) Collecting Style Sheets
(C) Comparative Style Sheets
(D) Comprehensive Style Sheets

**2.** MOOC stands for
(A) Media Online Open Course
(B) Massachusetts Open Online Course
(C) Massive Open Online Course
(D) Myrind Open Online Course

**3.** Binary equivalent of decimal number 35 is
(A) 100011 (B) 110001
(C) 110101 (D) 101011

**4.** gif, jpg, bmp, png are used as extensions for files which store
(A) audio data (B) image data
(C) video data (D) text data

**5.** Symbols A-F are used in which one of the following ?
(A) Binary number system
(B) Decimal number system
(C) Hexadecimal number system
(D) Octal number system

**6.** Which one of the following is not a search engine ?
(A) Google (B) Chrome
(C) Yahoo (D) Bing



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

## प्रश्नपत्र – I

**नोट :** • इस प्रश्नपत्र में **साठ (60)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं ।
• अभ्यर्थी को कोई भी **पचास (50)** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।
• यदि **पचास (50)** से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये तो प्रथम **पचास (50)** प्रश्न ही जाँचे जायेंगे ।

**1.** CSS का सम्पूर्ण रूप है

(A) Cascading Style Sheets
(B) Collecting Style Sheets
(C) Comparative Style Sheets
(D) Comprehensive Style Sheets

**2.** MOOC का पूर्ण रूप है

(A) Media Online Open Course
(B) Massachusetts Open Online Course
(C) Massive Open Online Course
(D) Myrind Open Online Course

**3.** दशमलव अंक 35 का द्विआधारी समतुल्य है

(A) 100011 (B) 110001
(C) 110101 (D) 101011

**4.** gif, jpg, bmp, png का प्रयोग फाइल्स के विस्तार के रूप में किया जाता है, जो भंडारण करती हैं

(A) ऑडियो डाटा (B) इमेज डाटा
(C) वीडियो डाटा (D) टैक्स्ट डाटा

**5.** A-F तक के प्रतीकों को निम्नलिखित में से किसमें प्रयोग किया गया है ?

(A) द्विआधारी अंक प्रणाली (B) दशमलव अंक प्रणाली
(C) षडदशमलव अंक प्रणाली (D) अष्टभुजा अंक प्रणाली

**6.** निम्नलिखित में से कौन सा सर्च इंजन नहीं है ?

(A) गूगल (B) क्रोम
(C) याहू (D) बींग



www.a2zSubjects.com

**7.** In terms of total $CO_2$ emissions from a country, identify the correct sequence :

(A) U.S.A. > China > India > Russia

(B) China > U.S.A. > India > Russia

(C) China > U.S.A. > Russia > India

(D) U.S.A. > China > Russia > India

**8.** Match List – I and List – II and identify the correct code :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | World Health Day | i. | 16th September |
| b. | World Population Day | ii. | 1st December |
| c. | World Ozone Day | iii. | 11th July |
| d. | World AIDS Day | iv. | 7th April |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | iii | iv | ii | i |

**9.** Which of the anthropogenic activity accounts for more than $\frac{2}{3}$rd of global water consumption ?

(A) Agriculture

(B) Hydropower generation

(C) Industry

(D) Domestic and Municipal usage

**10.** One of the anthropogenic sources of gaseous pollutants chlorofluorocarbons (CFCs) in air is

(A) Cement industry

(B) Fertiliser industry

(C) Foam industry

(D) Pesticide industry



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**7.** किसी देश से कुल $CO_2$ के उत्सर्जन के संदर्भ में सही क्रम को पहचानिए :

(A) यू.एस.ए. > चीन > भारत > रूस

(B) चीन > यू.एस.ए. > भारत > रूस

(C) चीन > यू.एस.ए. > रूस > भारत

(D) यू.एस.ए. > चीन > रूस > भारत

**8.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें और सही कूट की पहचान करिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | विश्व स्वास्थ्य दिवस | i. | 16 सितम्बर |
| b. | विश्व जनसंख्या दिवस | ii. | 1 दिसम्बर |
| c. | विश्व ओज़ोन दिवस | iii. | 11 जुलाई |
| d. | विश्व एड्स दिवस | iv. | 7 अप्रैल |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | iii | iv | ii | i |

**9.** निम्नलिखित में से कौन सी मानवोत्पत्ति संबंधी गतिविधि दो तिहाई $\left(\frac{2}{3}\right)$ से अधिक वैश्विक जल-उपभोग के लिए उत्तरदायी है ?

(A) कृषि

(B) जल से बिजली उत्पादन

(C) उद्योग

(D) घरेलू और नगरपालिका द्वारा उपभोग

**10.** मानव उत्पत्ति संबंधी स्रोतों में से कौन सा गैसीय प्रदूषक तत्त्व क्लोरोफ्लोरो कार्बन्स (CFCs) वायु में है ?

(A) सीमेंट उद्योग

(B) उर्वरक उद्योग

(C) फोम उद्योग

(D) कीटनाशी उद्योग



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**11.** The maximum number of fake institutions / universities as identified by the UGC in the year 2014 are in the State / Union territory of

(A) Bihar (B) Uttar Pradesh

(C) Tamil Nadu (D) Delhi

**12.** Which of the following institutions are empowered to confer or grant degrees under the UGC Act, 1956 ?

1. A university established by an Act of Parliament.
2. A university established by an Act of Legislature.
3. A university / institution established by a linguistic minority.
4. An institution which is a deemed to be university.

Select the correct answer from the codes given below :

(A) 1 and 2 (B) 1, 2 and 3

(C) 1, 2 and 4 (D) 1, 2, 3 and 4

**13.** Which of the following are the tools of good governance ?

1. Social Audit
2. Separation of Powers
3. Citizen's Charter
4. Right to Information

Select the correct answer from the codes given below :

(A) 1, 3 and 4 (B) 2, 3 and 4

(C) 1 and 4 (D) 1, 2, 3 and 4

**14.** The cyclone 'Hudhud' hit the coast of which State ?

(A) Andhra Pradesh (B) Karnataka

(C) Kerala (D) Gujarat

**15.** Which of the following is <u>not</u> a renewable natural resource ?

(A) Clean air (B) Fresh water

(C) Fertile soil (D) Salt



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**11.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वर्ष 2014 में अभिनिर्धारित जाली संस्थाओं/विश्वविद्यालयों की अधिकतम संख्या निम्नलिखित में से किस राज्य/संघ राज्यक्षेत्र में है ?

(A) बिहार
(B) उत्तर प्रदेश
(C) तमिलनाडु
(D) दिल्ली

**12.** निम्नलिखित में से कौन सी संस्थाएँ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 के अधीन डिग्री देने या प्रदान करने के लिए सक्षम हैं ?

1. संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय
2. विधान-मंडल के अधिनियम द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय
3. भाषायी अल्पसंख्यकों द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय/संस्था
4. विश्वविद्यालय समझी जाने वाली संस्था

नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 1 और 2
(B) 1, 2 और 3
(C) 1, 2 और 4
(D) 1, 2, 3 और 4

**13.** निम्नलिखित में से कौन सुशासन के साधन हैं ?

1. सामाजिक लेखापरीक्षा
2. शक्तियों का विभाजन
3. नागरिक चार्टर
4. सूचना का अधिकार

नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 1, 3 और 4
(B) 2, 3 और 4
(C) 1 और 4
(D) 1, 2, 3 और 4

**14.** चक्रवात 'हुदहुद' किस राज्य के तट से टकराया ?

(A) आंध्र प्रदेश
(B) कर्नाटक
(C) केरल
(D) गुजरात

**15.** निम्नलिखित में से कौन सा नवीकरणीय प्राकृतिक स्रोत <u>नहीं</u> है ?

(A) स्वच्छ वायु
(B) ताज़ा पानी
(C) उर्वर मिट्टी
(D) नमक



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**16.** Right to Privacy as a Fundamental Right is implied in

(A) Right to Freedom

(B) Right to Life and Personal Liberty

(C) Right to Equality

(D) Right against Exploitation

**17.** Which of the following organizations deals with 'capacity building program' on Educational Planning ?

(A) NCERT

(B) UGC

(C) NAAC

(D) NUEPA

**18.** Which of the following powers, the President has in relation to Lok Sabha ?

1. Summoning
2. Adjournment – sine die
3. Prorogation
4. Dissolution

Select the correct answer from the codes given below :

(A) 1 and 4

(B) 1, 2 and 3

(C) 1, 3 and 4

(D) 1, 2, 3 and 4

**19.** The interval between two sessions of parliament must not exceed

(A) 3 months

(B) 6 months

(C) 4 months

(D) 100 days



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**16.** मौलिक अधिकार के रूप में निजता का अधिकार निम्नलिखित में से किसमें अंतर्निहित है ?

(A) स्वतंत्रता का अधिकार

(B) जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार

(C) समानता का अधिकार

(D) शोषण के विरुद्ध अधिकार

**17.** निम्नलिखित में से कौन सा संगठन शैक्षणिक योजना में 'क्षमता निर्माण कार्यक्रम' से सम्बन्ध रखता है ?

(A) एन.सी.ई.आर.टी.

(B) यू.जी.सी.

(C) एन.ए.ए.सी.

(D) एन.यू.ई.पी.ए.

**18.** लोक सभा के संबंध में राष्ट्रपतिजी को निम्नलिखित में से कौन सी शक्ति प्राप्त है ?

1. बैठक बुलाना
2. अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना
3. सत्रावसान
4. भंग करना

नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 1 और 4

(B) 1, 2 और 3

(C) 1, 3 और 4

(D) 1, 2, 3 और 4

**19.** संसद के दो सत्रों के बीच का अंतराल निम्नलिखित में से किससे अधिक नहीं होना चाहिए ?

(A) 3 माह (B) 6 माह

(C) 4 माह (D) 100 दिन



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**20.** Maximum participation of students during teaching is possible through

(A) Lecture method (B) Demonstration method

(C) Inductive method (D) Textbook method

**21.** Diagnostic evaluation ascertains

(A) Students performance at the beginning of instructions.

(B) Learning progress and failures during instructions.

(C) Degree of achievement of instructions at the end.

(D) Causes and remedies of persistent learning problems during instructions.

**22.** Instructional aids are used by the teacher to

(A) glorify the class (B) attract the students

(C) clarify the concepts (D) ensure discipline

**23.** Attitude of the teacher that affects teaching pertains to

(A) Affective domain (B) Cognitive domain

(C) Connative domain (D) Psychomotor domain

**24.** "Education is the manifestation of perfection already in man" was stated by

(A) M.K. Gandhi (B) R.N. Tagore

(C) Swami Vivekanand (D) Sri Aurobindo

**25.** Which of the following is not a prescribed level of teaching ?

(A) Memory (B) Understanding

(C) Reflective (D) Differentiation



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**20.** शिक्षण के दौरान विद्यार्थियों की अधिकतम सहभागिता किसके द्वारा संभव है ?

(A) व्याख्यान पद्धति
(B) निदर्शन पद्धति
(C) आगमनात्मक पद्धति
(D) पाठ्यपुस्तक पद्धति

**21.** नैदानिक मूल्यांकन अभिनिश्चित करता है

(A) अनुदेशों के प्रारंभ में विद्यार्थियों का कार्य-निष्पादन
(B) अनुदेशों के दौरान अधिगम की प्रगति और विफलता
(C) अनुदेशों के अंत में उपलब्धि की स्थिति
(D) अनुदेशों के दौरान अधिगम की सतत समस्याओं के कारण और निदान

**22.** अध्यापक द्वारा अनुदेशात्मक सहायक सामग्री का उपयोग

(A) कक्षा को गरिमा प्रदान करने के लिए
(B) विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए
(C) संकल्पनाओं की स्पष्टता के लिए
(D) अनुशासन की सुनिश्चितता के लिए

**23.** शिक्षक की अभिवृत्ति जिसका उसके शिक्षण पर प्रभाव पड़ता है, का संबंध है

(A) भावात्मक क्षेत्र से
(B) ज्ञानात्मक क्षेत्र से
(C) सहजातात्मक क्षेत्र से
(D) मनश्चालक क्षेत्र से

**24.** "शिक्षा मनुष्य में पहले से विराजमान पूर्णता का आविर्भाव है" _______ के द्वारा कहा गया है ।

(A) महात्मा गाँधी
(B) रविन्द्रनाथ टैगोर
(C) स्वामी विवेकानंद
(D) श्री अरबिंदो

**25.** निम्नलिखित में से कौन सा शिक्षण का पूर्वनिर्धारित स्तर नहीं है ?

(A) स्मरण
(B) बोध
(C) परावर्तित
(D) विभेदीकरण



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**26.** The core elements of a dissertation are

(A) Introduction; Data Collection; Data Analysis; Conclusions and Recommendations

(B) Executive Summary; Literature review; Data gathered; Conclusions; Bibliography

(C) Research Plan; Research Data; Analysis; References

(D) Introduction; Literature Review; Research Methodology; Results; Discussion and Conclusion

**27.** What is a Research Design ?

(A) A way of conducting research that is not grounded in theory.

(B) The choice between using qualitative or quantitative methods.

(C) The style in which you present your research findings e.g. a graph.

(D) A framework for every stage of the collection and analysis of data.

**28.** 'Sampling Cases' means

(A) Sampling using a sampling frame

(B) Identifying people who are suitable for research

(C) Literally the researcher's brief case

(D) Sampling of people, newspapers, television programmes etc.

**29.** The frequency distribution of a research data which is symmetrical in shape similar to a normal distribution but center peak is much higher, is

(A) Skewed (B) Mesokurtic

(C) Leptokurtic (D) Platykurtic

**30.** When planning to do as social research, it is better to

(A) approach the topic with an open mind

(B) do a pilot study before getting stuck into it

(C) be familiar with literature on the topic

(D) forget about theory because this is a very practical

**31.** When academicians are called to deliver lecture or presentation to an audience on certain topics or a set of topics of educational nature, it is called

(A) Training Program (B) Seminar

(C) Workshop (D) Symposium



www.a2zSubjects.com

**26.** शोध निबंध के अनिवार्य तत्त्व हैं

(A) प्रस्तावना; आँकड़ा-संग्रह; आँकड़ा-विश्लेषण; निष्कर्ष और अनुशंसा

(B) कार्यकारी सारांश; साहित्य पुनर्वीक्षण; आँकड़ा संग्रहण; निष्कर्ष; ग्रंथसूची

(C) शोध-योजना; शोध-आँकड़ा; विश्लेषण; संदर्भ

(D) प्रस्तावना; साहित्य पुनर्वीक्षण; शोध-प्रणालियाँ; परिणाम; चर्चा और निष्कर्ष

**27.** शोध डिजाइन क्या है ?

(A) शोध संचालन का एक तरीका जो सिद्धान्त पर आधारित न हो ।

(B) गुणात्मक या परिमाणात्मक पद्धतियों के उपयोग के मध्य विकल्प ।

(C) वह शैली जिसमें आप अपनी शोध खोजों को प्रस्तुत करना चाहें जैसे ग्राफ ।

(D) आँकड़ों के संकलन और विश्लेषण के प्रत्येक स्तर के लिए एक ढाँचा बनाना ।

**28.** 'सैम्पलिंग केसेस' का आशय है

(A) सैम्पलिंग में सैम्पलिंग ढाँचे का प्रयोग ।

(B) शोध के लिए उपयुक्त लोगों की पहचान ।

(C) शब्दश: शोधार्थी का ब्रीफकेस ।

(D) लोग, समाचार-पत्र, टेलीविज़न कार्यक्रम इत्यादि की सैम्पलिंग ।

**29.** शोध-आँकड़ों का आवृत्ति वितरण जो आकार में सममित है और सामान्य वितरण के समान है परन्तु उसका केन्द्रीय शिखर ज्यादा ऊँचा हो, कहलाता है

(A) विषम (B) मध्यककुदी

(C) तुंगककुदी (D) चिपिटककुदी

**30.** जब सामाजिक शोध की योजना बनाई जाए तो बेहतर होगा

(A) खुले दिमाग से विषय के बारे में सोचना ।

(B) उसमें पूरी तरह डूबने से पहले मार्गदर्शी अध्ययन करना ।

(C) विषय से जुड़े साहित्य से परिचित होना ।

(D) सैद्धांतिकता को भूलना चाहिये क्योंकि यह एक व्यावहारिक व्याख्या है ।

**31.** जब शिक्षाविदों को व्याख्यान देने अथवा कुछ विशिष्ट शिक्षा संबंधी प्रकरणों पर अपनी प्रस्तुति देने के लिए बुलाया जाता है, तो यह कहलाता है

(A) प्रशिक्षण कार्यक्रम (B) सेमिनार

(C) कार्यशाला (D) सिम्पोज़ियम

www.a2zSubjects.com

**32.** Media is known as

(A) First Estate (B) Second Estate

(C) Third Estate (D) Fourth Estate

**33.** The mode of communication that involves a single source transmitting information to a large number of receivers simultaneously, is called

(A) Group Communication

(B) Mass Communication

(C) Intrapersonal Communication

(D) Interpersonal Communication

**34.** A smart classroom is a teaching space which has

(i) Smart portion with a touch panel control system.

(ii) PC/Laptop connection and DVD/VCR player.

(iii) Document camera and specialized software

(iv) Projector and screen

Select the correct answer from the codes given below :

(A) (i) and (ii) only

(B) (ii) and (iv) only

(C) (i), (ii) and (iii) only

(D) (i), (ii), (iii) and (iv)

**35.** The term 'Yellow Journalism' refers to

(A) sensational news about terrorism and violence

(B) sensationalism and exaggeration to attract readers / viewers.

(C) sensational news about arts and culture

(D) sensational news prints in yellow paper.

**36.** In the classroom, the teacher sends the message either as words or images. The students are really

(A) Encoders (B) Decoders

(C) Agitators (D) Propagators



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**32.** मीडिया जाना जाता है

(A) प्रथम सत्ता वर्ग

(B) द्वितीय सत्ता वर्ग

(C) तृतीय सत्ता वर्ग

(D) चतुर्थ सत्ता वर्ग

**33.** संचार का वह साधन जो बहुत सारे आदाताओं को एक स्रोत से एक साथ सूचना प्रसारित करता है, कहलाता है

(A) समूह सम्प्रेषण

(B) जन संचार

(C) अन्त:वैयक्तिक संचार

(D) अन्तर्वैयक्तिक संचार

**34.** एक स्मार्ट कक्षा शिक्षण का वह स्थल है जिसमें

(i) स्पर्श पैनल कंट्रोल सिस्टम के साथ स्मार्ट पोर्शन हो ।

(ii) पी सी / लैपटॉप कनेक्शन और डी वी डी / वी सी आर प्लेयर हो ।

(iii) डाक्यूमेंट कैमरा और स्पेशलाइज्ड सॉफ्टवेयर हो ।

(iv) प्रोजेक्टर और स्क्रीन हो ।

नीचे दिए गए कोडों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (i) और (ii) केवल

(B) (ii) और (iv) केवल

(C) (i), (ii) और (iii) केवल

(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

**35.** 'पीत-पत्रकारिता' पद का संबंध है

(A) आतंकवाद और हिंसा के विषय में सनसनीखेज़ समाचार ।

(B) पाठकों/दर्शकों को आकर्षित करने के लिए सनसनीपरकता और अतिशयोक्ति ।

(C) कला और संस्कृति के सनसनीखेज समाचार ।

(D) पीले कागज़ों पर छपे सनसनीखेज समाचार ।

**36.** शिक्षक कक्षा में एक संदेश शब्दों या चित्रों में भेजता है । विद्यार्थी वास्तव में हैं

(A) एनकोडर्स

(B) डिकोडर्स

(C) एजिटेटर्स

(D) प्रोपेगेटर्स



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**37.** The next term in the series :
AB, ED, IH, NM, ________
is

(A) TS (B) ST
(C) TU (D) SU

**38.** If STREAMERS is coded as UVTGALDQR, then KNOWLEDGE will be coded as

(A) MQPYLCDFD (B) MPQYLDCFD
(C) PMYQLDFCD (D) YMQPLDDFC

**39.** A is brother of B. B is the brother of C. C is the husband of D. E is the father of A. D is related to E as

(A) Daughter (B) Daughter-in-law
(C) Sister-in-law (D) Sister

**40.** Two numbers are in the ratio 3 : 5. If 9 is subtracted from the numbers, the ratio becomes 12 : 23. The numbers are

(A) 30, 50 (B) 36, 60
(C) 33, 55 (D) 42, 70

**41.** The mean of the ages of father and his son is 27 years. After 18 years, father will be twice as old as his son. Their present ages are

(A) 42, 12 (B) 40, 14
(C) 30, 24 (D) 36, 18

**42.** Digital Empowerment means

(i) Universal digit literacy
(ii) Universal access to all digital resources.
(iii) Collaborative digital platform for participative governance.
(iv) Probability of all entitlements for individuals through cloud.

Choose the correct answer from the codes given below :

(A) (i) and (ii) only (B) (ii) and (iii) only
(C) (i), (ii) and (iii) only (D) (i), (ii), (iii) and (iv)

**43.** The next term in the series :
2, 7, 28, 63, 126, _______
is

(A) 215 (B) 245
(C) 276 (D) 296



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**37.** इस श्रृंखला में अगला पद है

AB, ED, IH, NM, _____

(A) TS (B) ST

(C) TU (D) SU

**38.** अगर STREAMERS का कूट UVTGALDQR है, तो KNOWLEDGE का कूट होगा

(A) MQPYLCDFD (B) MPQYLDCFD

(C) PMYQLDFCD (D) YMQPLDDFC

**39.** A, B का भाई है । B, C का भाई है । C, D का पति है । E, A का पिता है । D का E से संबंध होगा

(A) बेटी (B) पुत्रवधू

(C) भाभी (D) बहन

**40.** दो संख्याएँ 3 : 5 के अनुपात में हैं । अगर 9 को उन संख्याओं में से घटा दिया जाए, तो अनुपात 12 : 23 होगा, संख्याएँ हैं

(A) 30, 50 (B) 36, 60

(C) 33, 55 (D) 42, 70

**41.** पिता और उसके पुत्र की आयु का मध्यमान 27 वर्ष है । 18 साल बाद पिता अपने पुत्र की आयु से दोगुना होगा । उनकी वर्तमान आयु है

(A) 42, 12 (B) 40, 14

(C) 30, 24 (D) 36, 18

**42.** डिज़ीटल सशक्तिकरण का आशय है

(i) सार्वभौमिक डिज़िट साक्षरता ।

(ii) सभी डिज़िटल स्रोतों तक सार्वभौमिक पहुँच ।

(iii) सहभागिताशासन के लिए सहभागी डिज़िटल प्लेटफॉर्म ।

(iv) क्लाउड के माध्यम से सभी व्यक्तियों की संभावित पात्रता ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (i) और (ii) केवल (B) (ii) और (iii) केवल

(C) (i), (ii) और (iii) केवल (D) (i), (ii), (iii) और (iv)

**43.** इस श्रृंखला में अगला पद है

2, 7, 28, 63, 126, _____

(A) 215 (B) 245

(C) 276 (D) 296



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

Read the following passage carefully and answer questions **44** to **48** :

The literary distaste for politics, however, seems to be focused not so much on the largely murky practice of politics in itself as a subject of literary representation but rather more on how it is often depicted in literature, i.e., on the very politics of such representation. A political novel often turns out to be not merely a novel about politics but a novel with a politics of its own, for it seeks not merely to show us how things are but has fairly definite ideas about how things should be, and precisely what one should think and do in order to make things move in that desired direction. In short, it seeks to convert and enlist the reader to a particular cause or ideology; it often is (in an only too familiar phrase) not literature but propaganda. This is said to violate the very spirit of literature which is to broaden our understanding of the world and the range of our sympathies rather than to narrow them down through partisan commitment. As John Keats said, 'We hate poetry that has a palpable design upon us'.

Another reason why politics does not seem amenable to the highest kind of literary representation seems to arise from the fact that politics by its very nature is constituted of ideas and ideologies. If political situations do not lend themselves to happy literary treatment, political ideas present perhaps an even greater problem in this regard. Literature, it is argued, is about human experiences rather than about intellectual abstractions; it deals in what is called the 'felt reality' of human flesh and blood, and in sap and savour *(rasa)* rather than in arid and lifeless ideas. In an extensive discussion of the matter in her book *Ideas and the Novel,* the American novelist Mary McCarthy observed that 'ideas are still today felt to be unsightly in the novel' though that was not so in 'former days', i.e., in the 18$^{th}$ and 19$^{th}$ centuries. Her formulation of the precise nature of the incompatibility between ideas on the one hand and the novel on the other betrays perhaps a divided conscience in the matter and a sense of dilemma shared by many writers and readers : 'An idea cannot have loose ends, but a novel, I almost think, needs them. Nevertheless, there is enough in common for the novelists to feel… the attraction of ideas while taking up arms against them – most often with weapons of mockery.'

**44.** The constructs of politics by its nature is
(A) Prevalent political situation
(B) Ideas and Ideologies
(C) Political propaganda
(D) Understanding of human nature

**45.** Literature deals with
(A) Human experiences in politics
(B) Intellectual abstractions
(C) Dry and empty ideas
(D) Felt reality of human life

**46.** The observation of the novelist, Mary McCarthy reveals
(A) unseen felt ideas of today in the novel
(B) dichotomy of conscience on political ideas and novels
(C) compatibility between idea and novel
(D) endless ideas and novels

**47.** According to the passage, a political novel often turns out to be a
(A) Literary distaste for politics
(B) Literary representation of politics
(C) Novel with its own politics
(D) Depiction of murky practice of politics

**48.** A political novel reveals
(A) Reality of the things
(B) Writer's perception
(C) Particular ideology of the readers
(D) The spirit of literature



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और प्रश्न संख्या **44** से **48** तक के उत्तर दीजिए :

राजनीति में साहित्यिक अरुचि के संबंध में ऐसा प्रतीत होता है कि वह साहित्यिक प्रस्तुति के विषय के रूप में काफी हद तक राजनीति के अस्पष्ट व्यवहार पर अधिक ध्यान केन्द्रित नहीं करता है लेकिन इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि इसे साहित्य में प्राय: कैसे चित्रित किया जाता है अर्थात् ऐसी प्रस्तुति की राजनीति क्या है । राजनीतिक उपन्यास अधिकांशत: केवल राजनीति के बारे में एक उपन्यास नहीं होता है अपितु उसकी अपनी राजनीति होती है । इसलिए वह हमें केवल यह नहीं बताता है कि चीजें कैसी हैं अपितु इनसे संबंधित विचारों को स्पष्ट रूप से निश्चित सोच प्रदान करता है कि चीजें कैसी होनी चाहिए और यह बताता है कि किसी को सही-सही ऐसा सोचना और करना चाहिए कि चीजें वांछित दिशा में अग्रसर हों, संक्षेप में वह पाठकों को कारण या विचारधारा विशेष में बदलना या सूचीबद्ध करना चाहता है । यह प्राय: साहित्य नहीं होता है (यह केवल अत्यधिक परिचित पदबंध है) लेकिन एक प्रचार होता है । इससे साहित्यिक भावना का अतिक्रमण ही होता है, जिससे हम विश्व को भली-भाँति समझते हैं और हमारी सहानुभूतियों का प्रभाव-क्षेत्र व्यापक होता है एवं हमारी सोच और सहानुभूति को कट्टर प्रतिबद्धता से संकीर्ण न करे जैसा कि जॉन कीट्स ने कहा है – "हमें ऐसे काव्य से घृणा होती है, जो हम पर लाद दिया जाता है ।"

दूसरा कारण कि क्यों राजनीति उच्च प्रकार की साहित्यिक प्रस्तुति के प्रति अनुकूल आचरण नहीं करती है, यह है कि राजनीति अपने स्वभाव से ही विचार और विचारधारा से निर्मित होती है । यदि राजनीतिक स्थिति अपने को उपयुक्त साहित्यिक सम्मान नहीं दे पाती है तो इस संबंध में राजनीतिक विचार और भी गंभीर समस्या पैदा करते हैं । साहित्य के संबंध में यह तर्क दिया जाता है कि यह बौद्धिक अमूर्त विचारों की बजाय मानव अनुभवों के बारे में होता है । यह मानव जाति की "महसूस की गई वास्तविकता" पर विचार करता है और नीरस तथा निर्जीव विचारों की बजाय ओजपूर्ण और स्वादपूर्ण (रस) से संबंधित होता है । अमरीका की उपन्यासकार मेरी मकर्थी ने अपनी पुस्तक "आइडिया और नॉवल" में इस विषय पर की गई व्यापक चर्चा में कहा है कि "उपन्यास में व्यक्त विचारों के बारे में आज भी यह महसूस किया जाता है कि वे अनाकर्षक होते हैं ।" हालाँकि ऐसा "पहले" अर्थात् 18वीं और 19वीं सदी में नहीं था । एक ओर विचार और दूसरी ओर उपन्यास के बीच असंगति के स्पष्ट स्वरूप का उनका निरूपण संभवत: इस मामले में विभाजित सोच का संकेत है और एक ऐसी दुविधा है जो कई लेखकों और पाठकों के बीच है : "विचार सशक्त होते हैं लेकिन मैं प्राय: सोचती हूँ कि उपन्यास में उसकी आवश्यकता होती है । इसके बावजूद उपन्यासकारों के लिए यह महसूस करना काफी सामान्य है ......" विचारों विरुद्ध शस्त्र उठाते समय विचारों के प्रति आकर्षण अनुभव करना वह भी उपहास के हथियारों के साथ ।

**44.** अपने स्वभाव से राजनीति का ढाँचा होता है

(A) प्रचलित राजनीतिक स्थिति
(B) विचार और विचारधाराएँ
(C) राजनीतिक प्रचार
(D) मानव स्वभाव की समझ

**45.** साहित्य में निम्नलिखित में से किस पर चर्चा की जाती है ?

(A) राजनीति में मानव अनुभव
(B) बौद्धिक अमूर्त विचार
(C) शुष्क और रिक्त विचार
(D) मानव जीवन की महसूस की गई वास्तविकता

**46.** उपन्यासकार मेरी मकर्थी की टिप्पणियों से निम्नलिखित में से किसका पता चलता है ?

(A) उपन्यास में आज के अनदेखे महसूस किए गए विचार
(B) राजनीतिक विचारों और उपन्यासों पर अंतश्चेता का द्विविभाजन
(C) विचारों और उपन्यास के बीच असंगति
(D) अनंत विचार और उपन्यास

**47.** इस गद्यांश के अनुसार एक राजनीतिक उपन्यास प्राय: निम्नलिखित में से क्या बन जाता है ?

(A) राजनीति के लिए साहित्यिक अरुचि
(B) राजनीति की साहित्यिक प्रस्तुति
(C) अपनी ही राजनीति वाला उपन्यास
(D) राजनीति की अस्पष्ट परिपाटी का चित्रण

**48.** एक राजनीतिक उपन्यास से निम्नलिखित में से किसका पता चलता है ?

(A) चीजों की वास्तविकता
(B) लेखक का बोध
(C) पाठकों की विचारधारा विशेष
(D) साहित्य की भावना



www.a2zSubjects.com


www.a2zSubjects.com

**49.** Warrior is related to sword, carpenter is related to saw, farmer is related to plough. In the same way, the author is related to

(A) Book (B) Fame

(C) Reader (D) Pen

**50.** Given below is a diagram of three circles A, B and C over-lapping each other. The circle A represents the class of honest people, the circle B represents the class of sincere people and circle C represents the class of politicians. p, q, r, s, U, X, Y represent different regions. Select the code that represents the region indicating the class of honest politicians who are not sincere.




**Codes :**

(A) X (B) q

(C) p (D) s

**51.** "A man ought no more to value himself for being wiser than a woman if he owes his advantage to a better education, than he ought to boast of his courage for beating a man when his hands were tied."

The above passage is an instance of

(A) Deductive argument (B) Hypothetical argument

(C) Analogical argument (D) Factual argument

**52.** By which of the following proposition, the proposition 'wise men are hardly afraid of death' is contradicted ?

(A) Some wise men are afraid of death.

(B) All wise men are afraid of death.

(C) No wise men is afraid of death.

(D) Some wise men are not afraid of death.

**53.** When in a group of propositions, one proposition is claimed to follow from the others, that group of propositions is called

(A) An argument (B) A valid argument

(C) An explanation (D) An invalid argument

**54.** Namita and Samita are brilliant and studious. Anita and Karabi are obedient and irregular. Babita and Namita are irregular but brilliant. Samita and Kabita are regular and obedient. Who among them is/are brilliant, obedient, regular and studious ?

(A) Samita alone (B) Namita and Samita

(C) Kabita alone (D) Anita alone



www.a2zSubjects.com


www.a2zSubjects.com

**49.** योद्धा का संबंध तलवार से है, बढ़ई का संबंध आरी से है, किसान का संबंध हल से है । इसी तरह से लेखक का संबंध है

(A) पुस्तक से (B) कीर्ति से

(C) पाठक से (D) कलम से

**50.** नीचे एक आरेख दिया गया है जिसमें तीन वृत्त A, B और C एक दूसरे को अतिव्याप्त कर रहे हैं । वृत्त A ईमानदार लोगों के वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है, वृत्त B निष्ठावान लोगों के वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है और वृत्त C राजनेताओं के वर्ग का प्रतिनिधित्व कर रहा है । p, q, r, s, U, X, Y अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं । उस कूट का चयन कीजिए जो उस क्षेत्र को दिखाते हैं जिसमें ईमानदार राजनेताओं का वर्ग है, जो निष्ठावान नहीं हैं ।




**कूट** :

(A) X (B) q

(C) p (D) s

**51.** "बेहतर शिक्षा का लाभ उठाकर किसी आदमी का अपने को स्त्री से अधिक बुद्धिमान मानना इसी प्रकार है जैसे कि एक हाथ बँधे हुये व्यक्ति को पीटकर किसी आदमी द्वारा अपने साहस की शेखी बघारना ।"

उपर्युक्त अनुच्छेद किसका उदाहरण है ?

(A) निगमन तर्क (B) काल्पनिक तर्क

(C) सादृश्यमूलक तर्क (D) तथ्यात्मक तर्क

**52.** 'बुद्धिमान व्यक्ति शायद ही मृत्यु से भयभीत होता है' प्रस्ताव निम्नलिखित में से किसका विरोधाभासी है ?

(A) कुछ बुद्धिमान व्यक्ति मृत्यु से भयभीत होते हैं ।

(B) सभी बुद्धिमान व्यक्ति मृत्यु से भयभीत होते हैं ।

(C) कोई भी बुद्धिमान व्यक्ति मृत्यु से भयभीत नहीं होता ।

(D) कुछ बुद्धिमान व्यक्ति मृत्यु से भयभीत नहीं होते ।

**53.** जब प्रस्तावों के समूह से एक प्रस्ताव दूसरे प्रस्तावों से व्युत्पादित कहा जाए, तो प्रस्तावों का यह समूह कहलाएगा

(A) एक दलील (B) एक वैध दलील

(C) एक स्पष्टीकरण (D) एक अवैध दलील

**54.** नमिता और समिता दोनों मेधावी और परिश्रमी हैं । अनिता और कराबी आज्ञाकारी और अनियमित हैं । बबीता और नमिता अनियमित हैं परन्तु मेधावी हैं । समिता और कबिता नियमित और आज्ञाकारी हैं । इनमें से कौन मेधावी, आज्ञाकारी, नियमित और परिश्रमी है/हैं ?

(A) केवल समिता (B) नमिता और समिता

(C) केवल कबिता (D) केवल अनिता



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

For a country $CO_2$ emissions (million metric tons) from various sectors are given in the following table. Answer the questions (**55** to **60**) based on the data given :

| **$CO_2$ emissions (million metric tons)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Sector / Year** | **Power** | **Industry** | **Commercial** | **Agriculture** | **Domestic** |
| 2005 | 500 | 200 | 150 | 80 | 100 |
| 2006 | 600 | 300 | 200 | 90 | 110 |
| 2007 | 650 | 320 | 250 | 100 | 120 |
| 2008 | 700 | 400 | 300 | 150 | 150 |
| 2009 | 800 | 450 | 320 | 200 | 180 |

**55.** By what percentage (%), the total emissions of $CO_2$ have increased from 2005 to 2009 ?

(A) ~89.32% (B) ~57.62%
(C) ~40.32% (D) ~113.12%

**56.** What is the average annual growth rate of $CO_2$ emissions in power sector ?

(A) ~12.57% (B) ~16.87%
(C) ~30.81% (D) ~50.25%

**57.** What is the percentage contribution of power sector to total $CO_2$ emissions in the year 2008 ?

(A) ~30.82% (B) ~41.18%
(C) ~51.38% (D) ~60.25%

**58.** In which year, the contribution (%) of industry to total sectoral $CO_2$ emissions was minimum ?

(A) 2005 (B) 2006
(C) 2007 (D) 2009

**59.** What is the percentage (%) growth of $CO_2$ emissions from power sector during 2005 to 2009 ?

(A) 60 (B) 50
(C) 40 (D) 80

**60.** Which sector has recorded maximum growth in $CO_2$ emissions during 2005 to 2009 ?

(A) Power (B) Industry
(C) Commercial (D) Agriculture



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

विभिन्न क्षेत्रों से किसी देश के कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) उत्सर्जन (मिलियन मीटरी टन) निम्नलिखित तालिका में दिए गए हैं । दिए गए डाटा के आधार पर प्रश्नों (**55** से **60** तक) का उत्तर दीजिए ।

| **$CO_2$ उत्सर्जन (मिलियन मीटरी टन)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्षेत्र / वर्ष** | **विद्युत** | **उद्योग** | **वाणिज्यिक** | **कृषि** | **घरेलू** |
| 2005 | 500 | 200 | 150 | 80 | 100 |
| 2006 | 600 | 300 | 200 | 90 | 110 |
| 2007 | 650 | 320 | 250 | 100 | 120 |
| 2008 | 700 | 400 | 300 | 150 | 150 |
| 2009 | 800 | 450 | 320 | 200 | 180 |

**55.** वर्ष 2005 से 2009 में $CO_2$ का कुल उत्सर्जन किस प्रतिशतता (प्रतिशत) तक बढ़ा है ?

(A) ~ 89.32 प्रतिशत (B) ~ 57.62 प्रतिशत

(C) ~ 40.32 प्रतिशत (D) ~ 113.12 प्रतिशत

**56.** विद्युत क्षेत्र में $CO_2$ उत्सर्जन की औसत वार्षिक वृद्धि दर क्या है ?

(A) ~ 12.57 प्रतिशत (B) ~ 16.87 प्रतिशत

(C) ~ 30.81 प्रतिशत (D) ~ 50.25 प्रतिशत

**57.** वर्ष 2008 में कुल $CO_2$ उत्सर्जन में विद्युत क्षेत्र का प्रतिशतता योगदान क्या है ?

(A) ~ 30.82 प्रतिशत (B) ~ 41.18 प्रतिशत

(C) ~ 51.38 प्रतिशत (D) ~ 60.25 प्रतिशत

**58.** कुल क्षेत्र संबंधी $CO_2$ उत्सर्जन में उद्योग का योगदान (प्रतिशत) किस वर्ष में न्यूनतम था ?

(A) 2005 (B) 2006

(C) 2007 (D) 2009

**59.** वर्ष 2005 से 2009 के दौरान विद्युत क्षेत्र से $CO_2$ उत्सर्जन की प्रतिशतता वृद्धि (प्रतिशत) क्या है ?

(A) 60 (B) 50

(C) 40 (D) 80

**60.** वर्ष 2005 से 2009 के दौरान $CO_2$ उत्सर्जन में किस क्षेत्र में अधिकतम वृद्धि दर्ज की गई है ?

(A) विद्युत (B) उद्योग

(C) वाणिज्यिक (D) कृषि



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**Space For Rough Work**



www.a2zSubjects.com